EDS

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर।

पत्रांक 4817 /मीरजापुर/ 15, दिनांक, मीरजापुर, जून, 13 2019,

सेवा में,

श्री सुधीर श्रीवास्तव,
अधिकृत प्रतिनिधि वेलेस्पन इनर्जी,
यू0पी0प्रा0लि0 प्लाट नं0 242/1, प्रथम तल,
बबुआ का पोखरा, ब्रम्हपुरी कालोनी मीरजापुर।

विषयः– बेलेस्पन एनर्जी यू0पी0 प्रा0लि0 द्वारा ग्राम– ददरी खुर्द, तहसील– सदर, जिला– मीरजापुर मे प्रस्तावित 1320(2x660) मेगावाट ताप विद्युत गृह की स्थापना हेतु जलापूर्ति बावत भूमिगत वाटर पाइप लाईन एवं सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 8.3581 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 296 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भ– मुख्य वन संरक्षक मीरजापुर क्षेत्र मीरजापुर का पत्रांक 5459/मी0क्षे0/33 मीरजापुर दिनांक 11.06.2019,

महोदय,

बेलेस्पन एनर्जी यू0पी0 प्रा0लि0 द्वारा ग्राम– ददरी खुर्द, तहसील– सदर, जिला– मीरजापुर मे प्रस्तावित 1320(2x660) मेगावाट ताप विद्युत गृह की स्थापना हेतु जलापूर्ति बावत भूमिगत वाटर पाइप लाईन एवं सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 8.3581 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 296 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में मुख्य वन संरक्षक मीरजापुर क्षेत्र मीरजापुर का पत्रांक 5459/मी0क्षे0/33 मीरजापुर दिनांक 11.06.2019 जो अधोहस्ताक्षरी को सम्बोधित एवं आपको पृष्ठांकित है का अवलोकन करें प्रकरण में अपेक्षित अभिलेख एवं मैनेजमेन्ट प्लान की अनुमोदित प्रति उपलब्ध करावें, ताकि प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार

भवदीय

(राकेश चौधरी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मीरजापुर वन प्रभाग मीरजापुर।

संख्या 4817 अ/समदिनांक

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– जिलाधिकारी मीरजापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– उप प्रभागीय वनाधिकारी, चुनार को इस आशय प्रेषित कि प्रकरण की गहन जांच कर तत्थ्य परक आख्या उपलब्ध करावें।

(राकेश चौधरी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मीरजापुर वन प्रभाग मीरजापुर।